# 8th class english notes | MEASURE FOR MEASURE

**MEASURE FOR MEASURE**
( जैसे को तैसा )
HINDI TRANSLATION OF THE CHAPTER

**Krishna Deva Raya......... within the frame .**

Word meaning : Patronage ( n ) [ पैट्रोनेज ] = मदद , संरक्षण । Scholar ( n ) स्कॉलर ] = विद्वान । Equally ( adv ) [ इक्वली ] = बराबर रूप से । Fond of ( phr ) [ फॉन्ड ऑफ ] = शौकीन होना किसी चीज का । Brilliant ( adj ) [ बिलिएन्ट ] = तेज , प्रतिभाशाली । Portrait ( n ) [ पोट्रेट ] = तस्वीर | Majestic ( n ) ( मैजेस्टिक ] = ' महाराजा । To come alive ( phr ) [ टू कम अलाइव ] = बिल्कुल सजीव – सा लगना ।

**अर्थ –**
कृष्णदेव राय कला प्रेमी राजा थे । वह कलाकार – कवियों और विद्वानों को खूब मदद किया करते थे । एक बार उन्हें राजा वर्मा नामक नामी कलाकार के बारे में किसी ने बताया । वह एक अच्छा चित्रकार था । राजा वर्मा को उन्होंने अपने दरबार में बुलाया और अपना आदमकद चित्र बनाने को कहा । राजा वर्मा ने राजा की बड़ी शानदार तस्वीर बनाई । उस तस्वीर में राजा कृष्णदेव राय साक्षात् सप्राण लग रहे थे । अपनी शानदार तस्वीर को देखकर राजा बड़े प्रसन्न हुए ।

**Apart from thus.............to the king.**

Word meaning : Apart from ( phr ) [ अपार्ट फ्रॉम ] = किसी चीज से बिल्कुल अलग । Image ( n ) [ इमेज ] = आकृति । Skill ( n ) [ स्किल ] = कला , चतुराई ।

**अर्थ –**
राजा कृष्णदेव राम की इस चित्र के साथ – साथ चित्रकार राजा वर्मा ने और भी कई स्त्री – पुरुषों के चित्र बनाये थे । उसने पुराने के प्रसिद्ध पात्रों ये भी सुन्दर चित्र बनाये थे । अपनी कला के लिए उसे दूर – दूर तक जाना जाता था । अपनी इस चित्र के कारण वह राजा का प्रिय और खासमखास बन गया ।

**Overwhelmed by joy ..............chief ministership .**

(Word meaning : Overwhelmed ( v ) [ ओवरव्हेलण्ड ] = अभिभूत होकर | Gener ous ( adj ) [ जेनरस ] = उदार , दानी । Impulse ( n ) [ इम्पल्स ] = प्रभाव । Reward ( n ) [ रिवार्ड ] = इनाम | Spur of agenerous impulse ( phr ) [ स्पर ऑफ अजेनरस इम्पल्स ] = कुछ कर बैठना अचानक से परिणाम की परवाह किये बिना । Chief ministership ( n ) [ चीफ मिनिस्टरशिप ] = मुख्यमंत्री का पद ।

**अर्थ –**
खुशी से अभिभूत होते हुए कृष्णदेव राय ने कलाकार राजा वर्मा को अपने पास बुला भेजा । उन्होंने उस कलाकार से कुछ मांगने को कहा । राजा वर्मा से कुछ माँगते नहीं बना । तब अचानक ही राजा ने उसे इनाम के बतौर अपने

राज्य का मुख्यमंत्री का पद दे दिया ।

**Though Raja Varma ...... fond of him .**

Word meaning : though ( adv ) [ दो ] = यद्यपि | Whatsoever ( pron ) [ वाटसोएवर ] = जो कुछ भी । Dare ( v ) [ डेअर ] = दुःस्साहस करना | Administration ( m ) [ एडमिनिस्ट्रेशन ] = प्रशासन ।

**अर्थ –**

यद्यपि राजा वर्मा एक अच्छा आदमी था । साथ ही वह एक अच्छा चित्रकार भी था , लेकिन उसे शासन के बारे में बिल्कुल ही जानकारी नहीं थी । उसके मुख्यमंत्री बनने के बाद राज्य में बहुत गड़बड़ी फैल गयो । लोगों में रोष व्याप्त हो गया । राजा वर्मा ने शासन सम्बन्धी जो भी निर्णय लिये वह अनुभवहीनता के कारण राज्य में असंतोष ही बढ़ाता गया । लोग उससे नाराज हो गये । पर राजा से लागों ने उसकी शिकायत करने की हिम्मत नहीं की क्योंकि राजा वर्मा , राजा का खासमखास और प्रियपात्र बन गया था ।

**The elders........... feast for the king .**

Word meaning : Elders ( adj ) [ एल्डर्स ) = बड़े , बुजुर्ग व्यक्ति । Invited ( v ) [ इनवाइटेड ] = निमंत्रित किया । Courtier ( n ) [ कोर्टिअर ] = दरबारी । Meanwhile ( ads [ मीनवाइल ] = इसी बीच । Grand ( adj ) ( ग्रैन्ड ] = शानदार । Feast ( n ) [ फीस्ट ] = भोज ।

**अर्थ** –

शहर के बड़े बुजुर्ग राज्य की उपद्रवी स्थिति और अराजक व्यवस्था से ऊबकर आखिरकार तेनाली रमन की शरण में आए । उन्होंने तेनाली रामू से नये और गैर अनुभवी मुख्यमंत्री से राज्य को छुटकारा दिलाने का उपाय करने को कहा । तेनाली राम ने उन लोगों को आश्वासन दिया , " मैं जल्दी ही कोई ऐसा उपाय निकालता है जिससे हमारे राज्य को इस नये और गैर अनुभवी मुख्यमंत्री से छुटकारा जल्द से जल्द मिल जाए । कुछ सप्ताह बीत गये । एक दिन तेनाली राम ने राजा से निवेदन किया कि वह अपनी रानियों और अपने कुछ दरबारियों के साथ उसके घर आएँ और दोपहर में भोजन करने का आनन्द लें । इस बीच में उसे एक अच्छा बढ़ई मिल गया था । उस बढ़ई को तेनाली राम ने दोपहर के भोज की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी सौंप दी ।

**The king and others . again and again .**

Word meaning : Order ( n ) [ ऑर्डर ) = आदेश । Morsel ( n ) [ मॉर्शल ] = कौर ( भोजन का निवाला ) | Again and again ( phr ) [ अगेन एण्ड अगेन ] = बार – बार ।

**अर्थ –**

नियत दिन , तेनाली राम के घर दोपहर के भोजन पर राजा अपनी रानियों और दरबारियों के साथ खाने पर बैठ गया । तेनालीराम के आदेश पर बढ़ई ने सभी को खाना परोसना शुरू कर दिया । जब उपस्थित मेहमानों के खाने का पहला कौर मुँह में डाला तो वे बार – बार पीने के लिए पानी माँगने लगे ।

**Soon after tasting ..... this horrible food ? "**

Word meaning : Tasting ( v ) [ टेस्टिंग ] = स्वाद लेना । Realised ( v ) [ रिअलाइज्ड = महसूस किया । Unbearably ( adv ) [ अनबीअरेबली ] = असह्य रूप से । Hot ( adj ) [ हॉट = ( यहाँ ) तीखा । Suffer ( v ) [ सफर ] = कष्ट सहना । Horrible ( adj ) [ हॉरिबल ] = बहुत खराब .


https://www.evidyarthi.in/

**अर्थ** –

जब राजा ने भोजन का स्वाद लिया तो उसे भी मालूम चला कि खाना बेहद खराब पकाया गया था और बहुत तीखा था । वह गुस्सा गया । " तेनाली राम , किसने पकाया यह खाना ? तुम क्या चाहते हो कि हम सब इस भयंकर खान को खाकर मर जाएँ ? "

In his usual humble . ....... for today's feast . "

Word meaning : Usual ( adj ) [ यूज़ुअल ] = सामान्य रूप से | Humble ( adj ) [ हम्बल ] नम्र , विनीत । Forgiveness ( n ) [ फॉरगिवनेस ] = क्षमा । Excellent ( adj ) ( एक्सेलेन्ट ] = शानदार ।

**अर्थ** –

तेनाली राम ने अपने सामान्य रूप से विनीत तरीके से राजा को जवाब दिया , " मुई माफी दी जाय महाराज । मुझे एक बहुत बढ़िया काम करने वाला बढ़ई मिला । उस शानदार बढ़ा को मैंने रसोइए के काम पर लगा दिया । उसी ने आज के भोज की तैयारी की है ।

**" The king began ..... get this funny idea ?**

Word meaning : Loudly ( adv ) [ लाउडली ] = जोरों से । Sense ( n ) [ सेन्स ] = समझ होना । Employed to ( v ) [ एम्प्लॉयड टू ] = काम पर लगना , नौकरी करना । Funny ( adj [ फनी ] = मजाकिया । Idea ( n ) [ आइडिया ] = विचार ।

**अर्थ** -राजा खूब जोरों से हँस पड़े और बोले , " क्या तुम्हारी बुद्धि नष्ट हो गई है तेनाल राम ? शानदार बढ़ई है तो क्या हुआ ? उससे लकड़ी का काम कराओ तुम , भोजन क्यों पकवा उससे । तुम्हारी मति कैसे मारी गई ?

**Tenali Raman asked ...........the chief minister .**

Word meaning : Lord ( n ) लॉर्ड = महाराज | At once ( phr ) ( एट वन्स ) = अचानक | Realise ( v ) [ रिअलाइज ] = महसूस करना ।

**अर्थ** –

तेनाली राम ने राजा से पूछा , " महाराज ! अगर एक कलाकार मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है तो क्या एक बढ़ई को रसोईया नहीं बनाया जा सकता है ? " अचानक राजा की समझ में बात आ गई । वह समझ गया कि जान – बूझकर तेनाली राम ने एक बढ़ई को रसोईया बनाया है वह एक कलाकार को मुख्य मंत्री बनाने की अपनी गलती का अहसास कर सके ।

**The king was saved ....... remain an artist !**

Word meaning : Embarassment ( n ) [ एम्बरासमेन्ट ] = अप्रिय स्थिति । Post ( n ) [ पोस्ट ] = पद | Awkward ( adj ) [ ऑकवड ] = अप्रिय , खराब | Incident ( n ) [ इन्सिडेन्ट ] = घटना । Resigned ( v ) [ रिजाइन्ड ] = त्यागपत्र दे दिया । Remain ( v ) [ रिमेन ] = बने रहना । Artist ( n ) [ आर्टिस्ट ] = कलाकार ।

**अर्थ** –

सारी बातें सुनकर कलाकार राजा वर्मा ने स्वयं ही मुख्यमंत्री के पद से त्यागपत्र दे दिया और राजा उसे स्वयं हटाने से उत्पन्न होने वाली अप्रिय स्थिति से बच गया । राजा वर्मा को तेनाली राम के यहाँ घटित होने वाली अप्रिय स्थिति


https://www.evidyarthi.in/

का पता चल गया था । उसे भी अपनी गलती का अहसास हो गया था । इसलिए उसने स्वयं ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया था । कुछ समय बीत गया तो तेनाली राम को कलाकार राजा वर्मा ने बताया कि दरअसल अब वह मात्र कलाकार बने रहने में ज्यादा खुशी महसूस कर रहा है ।

**Summary :**

King Kirshna Dev Raya was fond of fine arts . He was a patronage of poets and scholars . Once , an artist Raja Varma made his live portrait . Being pleased with his art , Krishna Dev Raya made him the chief minister of his state .
Raja Varma had no idea of administration . People became unhappy . They approached Tenali Raman to get rid of the new and inept chief minister . Tenali Raman assured them .
After a few weeks , on the invitation of Tenali Raman , the king came to eat lunch at Tenali's house with his queens and some courtiers . The food was terri bly hot . The king got angry Tenali Raman told the king that he had met an excellent carpenter and had put him on the job to cook lunch for the feast .
The king mocked Tenali for making a carpenter , a cook . Then , Tenali Raman told politely to the king — " If an artist can become a chief minister , can't a carpenter become a cook ? "
The king realised his mistake . Raja Varma came to know what had hap pened in Tenali's house . He resigned from the post . Later , he told Tenali Raman that he was happy to remain an artist !

**सारांश –**

राजा कृष्णदेव राय कला प्रेमी थे और कवियों व कलाकारों को खूब मदद दिया करते थे । एक बार , एक चित्रकार राजा वर्मा ने उनकी शानदार तस्वीर बना दी । उसकी कला से खुश होकर राजा ने उसे राज्य का मुख्यमंत्री बना दिया ।
राजा वर्मा को तो शासन के बारे में कुछ भी जानकारी थी नहीं । लोग उससे नाखुश रहने लगे । वे नये और गैरअनुभवी मुख्यमंत्री से राज्य को छुटकारा दिलाने के लिए कुछ उपाय करने का निवेदन लेकर तेनाली राम के पास आये । तेनाली राम ने उन्हें आश्वस्त किया कि वह इस समस्या का समाधान जल्द ही निकाल लेगा ।
कुछ सप्ताह के बाद , तेनाली राम के निमंत्रण पर , राजा अपनी रानियों और कुछ दरबारियों के साथ तेनाली राम के घर पर दोपहर का भोजन खाने के लिए आए । खाना बहुत ही तीखा बना था । राजा गुस्सा हो गया ।
तेनाली राम ने राजा को बताया कि उसे एक बहुत ही शानदार बढ़ई मिला जिसे उसने रसोईए की नौकरी पर लगा दिया और खाना उसी ने बनाया है ।
राजा ने हँसकर तेनाली राम का मजाक उड़ाया कि उसने एक बढ़ई को रसोईया बना दिया तब तेनाली राम ने बड़े विनीत होकर राजा से कहा , " यदि एक कलाकार मुख्यमंत्री बन सकता है तो एक बढ़ई , रसोईया क्यों नहीं बन सकता ?
" राजा को अपनी गलती का अहसास हो गया । कलाकार राजा वर्मा को तेनाली राम के घर में घटित घटना की जानकारी हुई । उसने अपने पद से इस्तीफा दे दिया । बाद में , उसने तेनाली राम से कहा कि वह फिर से मात्र कलाकार बनकर बड़ा ही खुश है ।


https://www.evidyarthi.in/